an>

Title: The Honorable Speaker made observation on notices of Adjournment motion regarding recent riots in Delhi.*h

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, दिल्ली की घटना को ले कर आप अपने विषय को रखना चाहते हैं । आप सब इस लोकतंत्र के मंदिर के एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि हैं । हम सबका सामूहिक प्रयास होना चाहिए, सामूहिक दायित्व होना चाहिए कि हम देश में शांति और सद्भावना बनाए रखें और इसमें प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से हमारी भागीदारी भी दिखे । इन सब मुद्दों पर, सदन के अंदर व्यक्तिगत रूप से, मैं आप सब से चर्चा कर के, जब स्थिति सामान्य हो जाएगी, सामान्य स्थिति के बाद मैं आपसे चर्चा करूंगा । हम भी चाहते हैं कि सदन में चर्चा हो, यह लोकतंत्र का मंदिर है । लेकिन आपको ये तख्तियां, नारेबाज़ी करने का अधिकार सदन के बाहर जनता ने दिया है । मेरा आग्रह है कि आप सबको देश में शांति और सद्भावना बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए । आप एक महत्वपूर्ण जिम्मेदार दल के नेता हैं । मैं दल के नेताओं से भी आग्रह करना चाहता हूँ कि वे इस पर जिम्मेदारी से काम करें ।

…(व्यवधान)